# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा : आठवीं

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | पानी की कहानी | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | -------------------------- | **पूर्णांक :** | 20 |
| **अनुक्रमांक(रोल नं) :** | .............. | **दिनांक :** | ......../....../........ |

**निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**1. ओस की बूँद के अनुसार वह कहाँ-कहाँ का भ्रमण कर चुकी है?** 1

(क) गहरे समुद्रतल का

(ख) मोटी मोटी चट्टानों के अन्दर

(ग) पृथ्वी तल में

(घ) उपर्युक्त सभी

**2. कथन-** समुद्र के अन्दर का दृश्य वर्णनातीत है| 1

**कारण-** ओस की बूँद प्रसन्नता से हिली |

(क) सिर्फ कथन सही है

(ख) सिर्फ कारण सही है

(ग) कथन एवं कारण दोनों सही है एवं कारण कथन की सही व्याख्या कर रहा है|

(घ) कथन एवं कारण दोनों सही है एवं कारण कथन की सही व्याख्या नहीं कर रहा है|

**3. ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों भर उठी-** 1

(क) क्योंकि पेड़ों की जड़ें निर्दयी होती हैं|

(ख) पेड़ों की जड़ें बूंदों का सब कुछ छीनकर उन्हें बाहर फैंक देती हैं|

(ग) उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं|

(घ) क और ख दोनों गलत हैं|

**4. पानी की बूँद का निर्माण किन रासायनिक तत्त्वों के संयोग से होता है-** 1

(क) हाइड्रोजन

(ख) ऑक्सीजन

(ग) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोग से

(घ) हाइड्रोजन,ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के संयोग से

Egyanarchive.org

**5. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए-** 1

**मेरे ---- बड़ी प्रसन्नता से ----- के धरातल पर ---- रहते थे|**

(क) सूर्य, नाचते, पुरखे

(ख) पुरखे, सूर्य, नाचते

(ग) नाचते, सूर्य, पुरखे

(घ) पुरखे, नाचते,सू र्य

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है-** 1

(क) हम आगे बढ़ ही रहा था

(ख) अभी तुम्हें देखा तो जान में जान आई|

(ग) मेरे जीवन में सौ-दो सौ वर्ष नमक में दाल के सामान हैं|

(घ) सरिता के वे दीन बड़े मजे के थे|

**7. नीचे दिए गए वर्णों को व्यवस्थित करने पर सार्थक शब्द बनेगा?** 1

**ता ब त हु य**

(क) हुबतायत

(ख) बहुतायत

(ग) तायातबहु

(घ) तायतहुब

**8. निम्नलिखित में से गलत विकल्प का चुनाव कीजिए-** 1

(क) पेड़-जातिवाचक संज्ञा

(ख) असंख्य-अ उपसर्ग

(ग) उत्सुकता-कता प्रत्यय

(घ) मैं-सर्वनाम

i) केवल क,ख ii) केवल क,घ

iii) केवल क,ग,घ iv) केवल ग

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9.** समुद्र तल में पानी की बूँद ने क्या-क्या देखा? 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------

**10. पाठ के अनुसार सूर्य के कांपने का क्या कारण था?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**11. पानी की कहानी पाठ किस शैली में लिखा गया है?इसमें कौन,किसे अपनी कहानी सुना रहा है?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**12. यदि गिरते समय ओस की बूँद लेखक के हाथ पर न गिरती,तो उसके साथ क्या होता? जानकारी के आधार पर उत्तर लिखिए|** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13.** इस पाठ में ओस की बूँद ने अपनी कहानी लेखक को सुनाई है| आप भी निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चुनाव कर उसकी कहानी अपने शब्दों में लिखिए- 4

कागज़, फसल, कपड़ा

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

Egyanarchive.org

## उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 1. | **अवबोध** | उत्तर:- (घ)उपर्युक्त सभी | 1 |
| 2. | **तार्किकता/चिंतन** | उत्तर:- (घ) कथन एवं कारण दोनों सही है एवं कारण कथन की सही व्याख्या नहीं कर रहा है\| | 1 |
| 3. | **विश्लेषण और तर्क क्षमता** | उत्तर:- (ग)उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं\| | 1 |
| 4. | **विश्लेषण और तर्क क्षमता** | उत्तर:- (ग)हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोग से | 1 |
| 5. | **व्यावहारिक भाषा ज्ञान** | उत्तर:- (ख)पुरखे,सूर्य,नाचते | 1 |
| | | (भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 6. | **भाषा की बहुभाषिक प्रकृति की समझ** | उत्तर:- (ख)अभी तुम्हें देखा तो जान में जान आई\| | 1 |
| 7. | **व्यावहारिक भाषा ज्ञान** | उत्तर:- (ख)बहुतायत | 1 |
| 8. | **विश्लेषण और तर्क क्षमता** | उत्तर:- (iv) केवल ग | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| 9. | **अवबोध** | उत्तर:- धीरे-धीरे रेंगने वाले जीव,जालीदार मछलियाँ,भारी-भरकम कछुए,पहाड़ियाँ,छोटे-बड़े पेड़ आदि | 2 |
| 10. | **भावाव्यक्ति क्षमता** | उत्तर:- सूर्य से लाखों गुणा बड़े प्रचंड प्रकाश पिंड के तेजी से सूर्य की तरफ आने के कारण | 2 |
| 11. | **साहित्य की विधाओं की समझ** | उत्तर:- आत्म कथात्मक शैली,ओस की बूँद लेखक को | 2 |
| 12. | **विचारों की अभिव्यक्ति** | उत्तर:- छात्र स्वविवेक के आधार पर उत्तर लिखेंगे\| | 2 |
| | | (रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न) | |
| 13. | **सृजनात्मकता/मौलिकता/ रचनात्मकता** | उत्तर:- छात्र विभिन्न माध्यमों से जानकारी एकत्र कर स्वविवेक के आधार पर उत्तर लिखेंगे\| | 4 |
| | | | |